Tel -260379-260154 (O)
Fax: 05644-260419/260565
Website: http://nrcrm.ernet.in

भा0कृ0अनु0प0–सरसों अनुसंधान निदेशालय
ICAR-DIRECTORATE OF RAPESEED & MUSTARD RESEARCH
सेवर, भरतपुर 321 303 (राज0)
SEWAR, BHARATPUR (RAJ.) 321 303

F.No. 4-40/SP/सफाई/15 Dated: 21.12.2015

# निविदा का ब्यौरा

निविदा प्राप्त करने की निर्धारित अन्तिम तिथि व समय : दिनांक **20–01–2016** – 01.00 बजे दोपहर

निविदा खोलने की निर्धारित तिथि व समय : दिनांक **20–01–2016** – 3.00 बजे अपरान्ह तक

निविदा की वैधता अवधि : निविदा की दिनांक से अगले 90 दिनों तक वैध रहनी चाहिए ।

**विषयः–** एक वर्ष की अवधि हेतु केन्द्र पर स्थित कार्यालय भवनों, प्रयोगशालाओं, गैस्ट हाऊस, किसान हॉस्टल सड़कों तथा आवासीय परिसर/भवनों के आस–पास ठेका आधार पर सफाई कार्य तथा कचरे का निस्तारण करने हेतु निविदाएँ आंमत्रित करने के सम्बंध में ।

महोदय,

निदेशक, सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर के वास्ते अधोहस्ताक्षरकर्ता एक वर्ष की अवधि हेतु केन्द्र पर स्थित कार्यालय भवनों, प्रयोगशालाओं, सड़कों तथा आवासीय परिसर/भवनों के आस–पास ठेका आधार पर सफाई कार्य करवाने हेतु सीलबंद निविदाऐं आंमत्रित करता है । कार्य विवरण निम्नानुसार है :–

| कार्य का विवरण :– | अनुमानित क्षेत्र | दर (रुपये प्रतिमाह) (जिसमें सफाई कर्मचारियों को ''न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948'' के अन्तर्गत निर्धारित दरों के अनुसार दी जाने वाली मजदूरी पी.एफ.,ई.एस.आई. अंशदान, सर्विस टैक्स आदि एवं सभी सफाई कार्य का सामान जैसे झाडू पोछा, फिनाईल आदि तथा और कोई सांविधिक प्रावधान तथा ठेकेदार द्वारा पूरी की जाने वाली अन्य तमाम जिम्मेदारी सम्मिलित हो । |
|---|---|---|
| संलग्न (कृप्या संलग्न ''क'' देखें) | 9650ड$^2$ | रुपये प्रतिमाह अंकों में......................<br>शब्दों में......................<br>...................... |
| | | |

**नोटः–** ठेकेदार के द्वारा सफाई कार्यो के लिये प्रतिमाह के लिये मांगी गई संविदात्मक प्रतिमाह दर के अतिरिक्त कोई भी अन्य भुगतान, पी.एफ., ई.एस.आई., अंशदान सर्विस टैक्स तथा अन्य कोई भी कर का भुगतान केन्द्र द्वारा ठेकेदार को नहीं दिया जावेगा ।

आपसे अनुरोध है कि आप अपनी निविदा अपने लेटर–पेड पर भेजे । निविदाऐं **दिनांक 20–01–2016 को अपरान्ह 1.00बजे** तक प्राप्त की जावेगी । निविदा के साथ रुपये 10000/– धरोहर राशि का बैंकर चैंक/डिमाण्ड ड्राफ्ट भी संलग्न करके भेजे । जो कि प्ब्।त् न्छप्ज् दृक्ट्डत भारतीय स्टेट बैंक, भरतपुर के नाम देय होनी चाहिये । जिन निविदाओं के साथ धरोहर राशि नहीं होगी, उन पर विचार नहीं किया जावेगा ।

**नियम व शर्ते**

1. अनुबंध एक वर्ष के लिए मान्य होगा ।
2. निविदा के साथ श्रमिकों की आपूर्ति /सफाई कार्य के लिये, राज्य /केन्द्र सरकार की सक्षम ऐजेन्सी द्वारा पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र लगाना होगा ।
3. सफाई का कार्य ठेकेदार को सस्थान द्वारा नामित अधिकारी के मार्गदर्शन एवं देख रेख में निष्पादित करना होगा
4. कार्यालय परिसर व प्रयोगशालाओं के भीतर व बाहर सफाई कार्य कार्यालय /प्रयोगशालाओं के खुलने से आधा घण्टे पहले पूर्ण करना होगा ।
5. कार्यालय भवनों व प्रयोगशालाओं में सफाई कार्य दो बार समय प्रातः 8.00बजे से 9.30बजे तक व उसके बाद दोपहर 1.00–2. 00चउ के मध्य पूर्ण करना होगा ।

6. सफाई, पोछा इत्यादि में प्रयोग में आने वाले सभी वस्तुऐं जैसे फिनाईल, ओडोनिल, नेप्थीलीन बॉल्स आदि अच्छी गुणवत्ता के होने चाहिए जिसकी संपदा प्रभारी द्वारा समय–समय पर जांच की जायेगी । किसी तरह की शिकायत /कमी होने पर यथोचित (न्यूनतम 2000/–) जुर्माना लगाया जायेगा ।
7. ठेकेदार को श्रमिक विनिमय एवं उन्मूलन अधिनियम 1970 तथा केन्द्रीय मजदूरी अधिनियम, 1948 का पालन करना होगा एवं श्रमिक संबंधी विवाद होने की स्थिति में उनके उचित निपटान हेतु ठेकेदार स्वयं जिम्मेदार होगा, तथा न्यायालय द्वारा तय किये गये मुआवजे तय किया जाता है तब उस मुकदमें की पैरवी एवं माननीय न्यायालय द्वारा तय किये गये मुआवजे का भुगतान भी सम्बन्धित ठेकेदार को ही करना होगा।
8. ठेका ऐजेन्सी द्वारा पिछले माह में प्रदान की गयी सफाई सेवाओं के लिये प्रत्येक माह के पूरा होने के बाद आगामी माह के प्रथम सप्ताह में प्रिन्टेड बिजक केन्द्र के प्रभारी/प्राधिकृत अधिकारी द्वारा सफाई कार्य के संतोष जनक करने के संबध में पुष्टि की टिप्पणी /रसीद लेने बाद बिजक का भुगतान 30 दिन में करेगा यदि प्राधिकृत अधिकारी द्वारा संतुष्टि की टिप्पणी नहीं की जा सकती है तब सक्षम अधिकारी के स्वंय विवेक से भुगतान में समुचित कटौती की जावेगी जो ठेके ऐंजेसी की बाध्य होगी ।
9. सफाई ठेका ऐंजेसी को सफाई ठेका लेने से पूर्व इस केन्द्र को सर्विस टैक्स काटे जाने हेतु पंजीकरण कराना होगा तथा उनके द्वारा सफाई कार्य करने हेतु नियुक्त किये जाने वाले सभी कर्मचारियों का सामान्य कानूनों के तहत वर्कमैन कम्पनशेसन ऐक्ट के तहत बीमा कराना होगा, ताकि कार्यरत सफाई कर्मचारियों को किसी भी दुर्घटना होने पर क्षतिपूर्ति का लाभ भी मिल सके ।
10. सफाई ठेका ऐजेन्सी का प्रथम बिजक भुगतान भी उसी अवस्था में किया जावेगा जबकि ठेका ऐजेंसी द्वारा उपरोक्त क्रम स0. 9 के अनुसार बताये गये कागजात केन्द्र को दे दिये जावेंगे तथा ठेका की सभी नियम व शर्तों को 100 रूपये के नॉन ज्यूडिसियल स्टेम्प पर लिख कर केन्द्र को देगा ।
11. सफाई ठेका ऐजेन्सी को अनुबन्ध देने से पूर्व रु0 80000/– या अनुबन्ध की लागत का 10 प्रतिशत जो भी अधिक होगा जमानत राशि के रुप में जमा करवाना होगा, जो कि ठेके के सन्तोषजनक रुप से समाप्त होने के बाद वापिस कर दी जावेगी।
12. किसी भी प्रकार के व्यवधान को आपसी सहमति से सुलझाया जावेगा, फिर भी अगर कोई मतभेद होगा तब इस केन्द्र के निदेशक महोदय का निर्णय अन्तिम होगा, जो कि ठेकेदार को मान्य होगा ।
13. अनुबन्ध की अवधी 1 वर्ष की होगी, जिसे आपसी सहमति से घटाया /बढाया जा सकता है, तथा 15 दिन के नोटिस पर समाप्त भी किया जा सकता है, एवं जमानत राशि भी जब्त की जा सकती है ।
14. किसी भी सफाई कार्य को बताने के पश्चात भी 10 दिन तक नहीं करने की अवस्था में भी अनुबन्ध समाप्त किया जावेगा एवं जमानत राशि भी जब्त की जावेगी ।
15. उक्त नियमों व शर्तो के अलावा अन्य कोई शर्त होगी तो उन्हें भी समय–समय पर बता दिया जावेगा ।
16. लेट निविदा, तार के द्वारा भेजी गई निविदा, बिना हस्ताक्षर किये हुए भेजी गई निविदा । मान्य नहीं होगी/डाक द्वारा देर से आने वाली निविदाओं पर कोई विचार नही किया जावेगा । कटी–फटी दर या पढने योग्य दर नही होने पर भी उन कोई विचार नही किया जावेगा ।
17. निविदा–पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट अक्षरों में **"निविदा पत्र सफाई कार्य हेतु लिखें"**।
18. किसी भी एक अथवा सभी निविदाओं को रद्द करने का अधिकार संस्थान के निदेशक महोदय के पास सुरक्षित है, तथा इस संबंध में किसी भी फर्म के पत्र का कोई जवाब संस्थान की तरफ से नही दिया जावेगा ।
19. सफाई ठेके के लिए पंजीकृत फर्मो केन्द्र/राज्य सरकार के कार्यालय में सफाई कार्य हेतु कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए ।फर्म का वार्षिक टर्नओवर न्यूनतम 10 लाख रू होना चाहिए। संबंधित दस्तावेज निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक होगा ।
20. सभी निविदाऐं **दो बोली** में दी जावें ।
21. सभी निविदाऐं निदेशक के नाम से भेजी जावे ।

**प्रशासनिक अधिकारी**

## संलग्नक 'क'

### निदेशालय की वार्षिक सफाई एवं कचरा निस्तारण सेवा हेतु कार्य का विवरण ।

1. डीआरएमआर के कैम्पस में कार्यालय (दो बिल्डिंग) में तकरीबन 68 कार्यालय सह प्रयोगशाला कक्ष, सम्पूर्ण अतिथिगृह तथा किसान हॉस्टल (14 कमरे) कृष्णिका किसान हॉस्टल, फार्म ऑफिस विभिन्न कार्यालयों में स्थित कॉमन शौचालय, एवं 26 संलग्न शौचालय, कैम्पस के सड़कों /गलियों (तकरीबन 2 कि.मी.) एवं आवासीय परिसर की रोजाना सफाई, झाड़ू, पोछा इत्यादि । उक्त सफाई कार्य, स्वच्छता के उच्च मानक बनाए रखने के लिए सफाई कार्य सुबह ही शुरु हो जाने चाहिए । सभी बिल्डिंग प्रयोगशालाओं सह कार्यालय में कम से कम रोजाना दो बार सफाई होनी चाहिए । एक बार सुबह 9.30 तक तथा दूसरी बार 1300–1400 के मध्य ।

2. कम संख्या 1 के अलावा आवासीय परिसर, सडकों तथा कार्यालयों की विशेष सफाई सप्तातांत अर्थात रविवार को होनी चाहिए । विशेष सफाई में खास तौर पर फर्श की सफाई व पोछा, सीढीयों तथा सड़कों, रास्तों एवं पार्किंग स्थल की सफाई होनी चाहिए ।

3. सभी गटर, छतों एवं अन्य स्थानों की एक बार विशेष त्रैमासिक सफाई ।

4. ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता वाले, डिर्टजेन्ट, कीटाणुनाशक जैसे ओडोनिल, लाइजाल, नैथ्थीलीन बॉल्स इत्यादि प्रयोग करने होंगे । यह निदेशालय किसी तरह की कोई सफाई उपकरण व वस्तु प्रदान नहीं करेगा। कचरे के निस्तारण ;कपेचवेंसद्ध हेतु भी ठेकेदार ही व्यवस्था करेगा ।जिसके लिए निदेशालय अलग से कोई भुगतान नहीं करेगा ।

5. सभी संलग्न शौचालयों की सफाई एक निश्चित अवधि पर होनी है जिससे शौचालय हमेशा साफ सुथरे रहें। आम शौचालय की सफाई दिन में दो बार या इससे ज्यादा बार करनी है, इसके लिए सफाईकर्मी को कार्यालय के कार्य समय पर इस कैम्पस में उपलब्ध रहना होगा । समय–समय पर शौचालय में मूत्रालय में नैथ्थीलीन बॉल डालना अनिवार्य होगा ।

6. उक्त सभी कार्य सक्षम अधिकारी के पूर्ण संतुष्टि तक होने चाहिए।

प्रशासनिक अधिकारी

Annexure-I

# तकनीकी बिड
## (प्रपत्र–अ)
## फर्म / ठेकेदार का विवरण

1. निविदादाता ठेकेदार / फर्म / एजेन्सी के प्रोप्राईटर का नाम : ..............................................................................................

2. निविदादाता ठेकेदार / फर्म / एजेन्सी का नाम व पता :

मैसर्स..............................................................................................................................................................

.........................................................................................................................................................................

.........................................................................................................................................................................

3. (अ) टेलीफोन नं. कार्यालयः .................................................. निवासः ...............................मोबाइल नं...............................

(ब) ई. मेल पता : ...........................................................................................................................................................

4. ठेकेदार / फर्म / एजेन्सी का विवरण : ..................................................................................(साझेदारी डीड / संविधान यदि सोसाइटी है तो)

5. अधिकृत डीलरषीप / एजेन्सी का प्रमाणपत्र नम्बर : .........................................................................................................

6. आयकर विभाग द्वारा निर्गत पैन (PAN) नम्बर : ..............................................................................................................

7. केन्द्रीय उत्पाद शुल्क विभाग द्वारा निर्गत सर्विस टैक्स नम्बर : .................................................................................

8. फर्म / ठेकेदार के बैंक का नाम व पता : ...........................................................................................................बैंक का आई.एफ.एस. सी. कोड नम्बर : ........................................बैंक खाता नम्बर : ..............................................................

9. निविदा शुल्क रू. 1000 / – रसीद नम्बर / डी0डी0 : ....................................दिनांक : ......................यदि डी.डी. / बैंकर चैक है तो ICAR Unit-DRMR, के पक्ष में Payable at Bharatpur

10. धरोहर राशि (Earnest Money Deposit) रू. 10,000 / – ICAR Unit DRMR के पक्ष में Payable at Bharatpur डी.डी. / बैंकर चैक नं. ..........................दिनांक .....................बैंक का नाम ..................................................

11. निविदा प्रपत्र को बिना कांट–छांट के साफ–सुथरा भर कर मोहर सहित हस्ताक्षर स्वयं / अधिकृतप्रतिनिधि / पंजीकृत डाक / त्वरित डाक / कोरियर डाक द्वारा देय तिथि **20.01.2016** को पूर्वान्ह 1.00.बजे से पूर्व निदेशक, सरसों अनुसंधान निदेशालय, भरतपुर के Tender box में डलवावें । लिफाफे पर Annual Rate Contract for Cleaning Contract लिखा होना चाहिए अन्यथा निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा ।

12. विस्तृत जानकारी हेतु देंखें डी.आर.एम.आर. वेबसाइट : www.drmr.res.in and tenders .gov.in.

Signature of tenderer with seal